हापुड़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

प्रेस नोट

थाना - धौलाना   दिनांक:- 30-09-2024

" डबल ब्लाइन्ड मर्डर का अल्प समय में सफल अनावरण "

- थाना धौलाना पुलिस व जनपदीय एसओजी टीम ने ग्राम शेखपुर खिचरा में घटित दोहरे हत्याकांड का 48 घंटे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए एक महिला सहित 03 हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार।
- जिनके कब्जे से मृतका की टीवीएस राईडर मोटरसाइकिल व घटनास्थल से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बिना नम्बर बरामद।
- मृतका शहजादी उर्फ खुशबू के चाल-चलन से परेशान होकर उसके पति, जेठ, जेठानी व ससुर ने योजनाबद्ध तरीके से गला घोटकर की थी खुशबू व उसकी मां कौशर की हत्या।
- गिरफ्तार अभियुक्तगण घटना करने के पश्चात भ्रमित करने के उद्देश्य से मकान के मैन गेट पर ताला लगाकर फरार हो गए थे।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 28-09-2024 को थाना धौलाना क्षेत्रांतर्गत सहारा सिटी कॉलोनी शेखपुर खिचरा में एक बंद मकान से बदबू आने की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो मकान के अन्दर 02 महिलाओं (मां-बेटी) के शव पड़े हुए मिले, उच्चाधिकारीगण एवं फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया।

मृतका खुशबू के भाई द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दी गई तहरीर के आधार पर थाना धौलाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उक्त घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस व जनपदीय एसओजी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाने के मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 243/2024 धारा 103(1) बीएनएस का अल्प समय में सफल अनावरण करते हुए एक महिला सहित 03 हत्यारोपियों को आज दिनांक **30.09.2024** को निधावली नहर पटरी देहरा की ओर से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से मृतका की टीवीएस राईडर मोटरसाइकिल व घटनास्थल से एक स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. फुरकान पुत्र राशिद निवासी सैदनगली थाना हसनपुर जनपद अमरोहा हाल पता एसएन होटल के पास मसूरी कमिश्नरेट गाजियाबाद (मृतका खुशबू का जेठ)।
2. राशिद पुत्र उमर निवासी सैदनगली थाना हसनपुर जनपद अमरोहा हाल पता एसएन होटल के पास मसूरी कमिश्नरेट गाजियाबाद (मृतका खुशवू का ससुर)।
3. गुलफसा पत्नी फुरकान निवासी सैदनगली थाना हसनपुर जनपद अमरोहा हाल पता एसएन होटल के पास मसूरी कमिश्नरेट गाजियाबाद (मृतका खुशबू की जेठानी)।

बरामदगी का विवरणः-

1. घटना में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बिना नम्बर (घटनास्थल से बरामद)।
2. मृतका खुशबू की टीवीएस राईडर मोटरसाइकिल।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि मृतका शहजादी उर्फ खुशबु पत्नी समीर का चाल-चलन ठीक नही था, जिसको हमारे द्वारा बार-बार समझाने पर भी अपनी हरकतो से बाज नही आ रही थी जिससे परेशान होकर हम लोगों द्वारा दिनांक 25.09.2024 की रात्रि में योजनाबद्ध तरीके से शेखपुर खिचरा सहारा सिटी कॉलोनी स्थित मकान में पहुंचकर शहजादी उर्फ खुशबु का गला घोटकर हत्या कर दी थी तथा उसकी माँ कौशर के द्वारा विरोध करने पर उसकी भी गला घोटकर हत्या कर दी एवं हत्या करने के पश्चात जल्दबाजी में हमारी मोटरसाईकिल स्प्लेंडर की चाबी खो जाने के कारण हम लोग वहां पर खडी मृतका खुशबु की मोटसाईकिल टीवीएस राईडर को लेकर, मकान के मैन गेट का ताला लगाकर भाग गये थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना धौलाना पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री देवेन्द्र सिह बिष्ट थाना धौलाना जनपद हापुड।
2. अति0 निरी0 श्री ओमप्रकाश सिहं थाना धौलाना हापुड।
3. उ0नि0 श्री सत्यवीर सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड।
4. है0का0 667 परीक्षित राणा थाना धौलाना जनपद हापुड।
5. का0 874 मोनू बालियान थाना धौलाना जनपद हापुड।
6. का0 212 सचिन कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड।
7. का0 778 भूपेन्द्र सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड।

जनपदीय एसओजी पुलिस टीम-

1. उ0नि0 पारस मलिक जनपदीय एसओजी हापुड़।
2. है0का0 472 सोनू जनपदीय एसओजी हापुड़।
3. है0का0 परबली तोमर जनपदीय एसओजी हापुड़।
4. है0का0 816 नीरज जनपदीय एसओजी हापुड़।
5. है0का0 696 अमित जनपदीय एसओजी हापुड़।